तालवाड़ा घाट में उत्पादन शुल्क अधिकारियों द्वारा जब्त किया गया धन

7816. श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री प्र० नं० सोलंकी :

क्या **वित्त** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय उत्पादन शुल्क विभाग के कुछ कर्मचारियों ने 30 दिसम्बर, 1964 को मध्य प्रदेश में उज्जैन में जबलपुर आक्टरॉय रोड पर तालवाड़ा घाट में कुछ व्यक्तियों से 64,505 रुपये बरामद किये थे;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन व्यक्तियों ने यह धन ट्रक खरीदने के लिये किसी व्यक्ति से ऋण के रूप में लिया था;

(ग) इस धन को जब्त करने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या इन व्यक्तियों का यह धन वापिस देने का सरकार का विचार है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) 30 दिसम्बर, 1964 को केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जबलपुर के पास तिलवाड़ा घाट पुल पर रोकी गई एक कार में से 64,505 रुपये तथा थोड़ी सी अफीम बरामद की। कार भी पकड़ ली गई थी। कार में बैठे हुए तीन व्यक्ति गिरफ्तार कर लिये गये।

(ख) से (घ) इस मामले में की गई जांच पड़ताल से पता चला है कि अफीम को उज्जैन से कटक ले जाने के लिए कार को काम में लाया गया था, और पकड़ी गई मुद्रा अफीम की बिक्री से प्राप्त रकम थी। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों पर जबलपुर की एक अदालत में मुकदमा चलाया जा रहा है तथा पकड़ा गया माल अदालत के कब्जे में है।

Manufacture of Contraceptive Pills

7817. Shri R. K. Amin:
Shri S. K. Tapuriah:
Shri R. R. Singh Deo:

Will the Minister of **Health and Family Planning** be pleased to state:

(a) whether Government have received any proposal from M|s. Warner Hindustan Ltd., Bombay for the manufacture of contraceptive pills; and

(b) if so, the decision taken thereon?

The Deputy Minister in the Ministry of Health and Family Planning (Shri B. S. Murthy): (a) No.

(b) Does not arise.

मैसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन (प्राइवेट) लिमिटेड

7819. श्री ओ० प्र० त्यागी :
श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री हेम बरुआ :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री श्रीचन्द गोयल :
श्री भारत सिंह चौहान :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री मधु लिमये :
श्री प्र० नं० सोलंकी :
श्री देवराव पाटिल :
श्री सोनावने :

क्या **वित्त** मंत्री 29 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4115 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स ओरियन्टल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन (प्राइवेट) लिमिटेड, बम्बई द्वारा आयकर अपवंचन के बारे में की जा रही जांच इस बीच पूरी हो चुकी है; और